# रिश्वतखोर ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर को तीन साल की सजा सुनाई

- शौचालय निर्माण की स्वीकृति के लिए की थी घूस
- 5500 रुपए लेते लोकायुक्त ने किया था गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 17 सितंबर. शौचालय निर्माण की स्वीकृत राशि के एवज में रिश्वत मांगने और लेते पकड़ी गईं छतरपुर जनपद पंचायत की तत्कालीन ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर एवं लिपिक नीलम तिवारी को भ्रष्टाचार अधिनियम विशेष न्यायालय छतरपुर ने दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है.**

यह मामला वर्ष 2020 का है और करीब छह वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद गुरुवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया.

प्रकरण के अनुसार, ग्राम पंचायत देरी निवासी जितेंद्र सिंह ने फरवरी 2020 में सागर लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ नीलम तिवारी ने शौचालय निर्माण की स्वीकृत राशि के भुगतान के एवज में 6,500 रुपए की रिश्वत की मांग की थी. शिकायत के अनुसार, 1 हजार की राशि पहले ही ली जा चुकी थी, जबकि शेष 5,500 रुपए बाद में देने की बात तय हुई थी.

शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त सागर की टीम ने 18 फरवरी 2020 को कार्रवाई की. टीम ने नीलम तिवारी को शिकायतकर्ता से 5,500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. कार्रवाई के बाद लोकायुक्त पुलिस ने मामले की जांच पूरी कर अभियोजन प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया.

डीडीपी प्रवेश आहिरवार के अनुसार मामले की सुनवाई छतरपुर स्थित भ्रष्टाचार अधिनियम विशेष न्यायालय में न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव की अदालत में हुई. अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर न्यायालय ने नीलम तिवारी को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई.

## परीक्षा की तैयारी के लिए 20 को सेमिनार

**छतरपुर, 17 सितंबर.** जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'लोक सेवा गुरुकुल' के अंतर्गत सिविल जज एवं एडीपीओ परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए 20 सितंबर को नि:शुल्क सेमिनार का आयोजन शाम 4 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा.सेमिनार में जिला न्यायालय छतरपुर में पदस्थ न्यायाधीशगण प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को परीक्षा की रणनीति, अध्ययन पद्धति और महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे.सेमिनार में सिविल जज सुशील गहलोत, सिविल जज रूपेश साहू तथा डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार एवं सिविल जज राहुल जैन अभ्यर्थियों से संवाद कर परीक्षा की तैयारी से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा करेंगे. अभ्यर्थियों को परीक्षा के विभिन्न चरणों, प्रभावी अध्ययन योजना और तैयारी के दौरान ध्यान रखने वाली महत्वपूर्ण बातों के संबंध में मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है.

# शराब पीने से एक व्यक्ति की हालत बिगड़ी

- गांवों में खुलेआम बिक रही है अवैध शराब
- तहसील पहुंचकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर, 17 सितंबर. जिले के बक्सवाहा की ग्राम पंचायत जैतपुरा एवं ग्राम पौंडी में कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है. शराब की बिक्री बंद कराने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को सैकड़ों ग्रामीण बक्सवाहा तहसील कार्यालय एवं थाना पहुंचे. ग्रामीणों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की.**

ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पौंडी में खुलेआम अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. ज्ञापन में 14 सितंबर की रात करीब 2 बजे



ग्राम पौंडी निवासी लक्ष्मण लोधी की तबीयत अचानक बिगड़ने का भी उल्लेख किया गया है. ग्रामीणों का आरोप है कि लक्ष्मण ने शंकर लोधी के यहां से शराब लेकर पी थी, जिसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई. गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल दमोह रेफर किए जाने की बात ग्रामीणों ने कही है.

ग्रामीणों के मुताबिक, इस मामले को लेकर लक्ष्मण लोधी के भाई निरपाल सिंह लोधी द्वारा पूर्व में बक्सवाहा थाने में शिकायत भी की जा चुकी है. ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें सामूहिक रूप से अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखनी पड़ी. ज्ञापन में ग्रामीणों ने शंकर लोधी और विनोद लोधी पर खुलेआम शराब बेचने का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि कई बार शराब की बिक्री बंद करने के लिए समझाइश दी गई, लेकिन कथित रूप से इसके बावजूद बिक्री जारी है. ज्ञापन में दोनों के पूर्व आपराधिक प्रकरणों का भी उल्लेख किए जाने की बात सामने आई है. ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में कथित अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है.

## एक नजर में



### काव्य प्रतियोगिता में टोपाज हाउस प्रथम

**छतरपुर, 17 सितंबर.** सुमति एकेडमी में हिंदी दिवस मनाया गया. समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने हिंदी में भाषण, कविता, गीत, नाटक एवं कवि सम्मेलन सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व एवं मान-सम्मान को रेखांकित किया. इंटर हाउस काव्य प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया .प्रतियोगिता में टोपाज हाउस ने प्रथम, गार्नेट हाउस ने द्वितीय तथा सफायर हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य सुनील कुमार मिश्रा ने हिंदी भाषा की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को हिंदी के प्रति सम्मान एवं प्रेम बनाए रखने के लिए प्रेरित किया.

### 2.91 करोड़ से अधिक का मुआवजा स्वीकृत

**छतरपुर, 17 सितंबर.** केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए जिला प्रशासन ने मुआवजा राशि स्वीकृत की है. कलेक्टर मृणाल मीना ने पूर्व पारित अवार्ड के तहत जिले के 123 हितग्राहियों के लिए कुल 2 करोड़ 91 लाख 89 हजार 108 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की है. स्वीकृत मुआवजा राशि परियोजना से प्रभावित विभिन्न गांवों के परिवारों को नियमानुसार प्रदान की जाएगी. इसमें खरयानी गांव के 14, ढौंढ़न के 5, पाठापुर के 4, नैगुवां के 8, डुगरिया के 6, सुकवाहा के 76 तथा कदवारा के 10 हितग्राही शामिल हैं .जिला प्रशासन के अनुसार केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा एवं पुनर्वास से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया लगातार जारी है. पूर्व में पारित अवार्ड के आधार पर पात्र हितग्राहियों को स्वीकृत राशि का भुगतान किए जाने की कार्रवाई की जा रही है.

### समूह निरस्त कराने की धमकी का आरोप

**छतरपुर/ नौगांव, 17 सितंबर.** ग्राम पंचायत मटौंधाबेसन में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला दीवान जू का पुरवा के मध्यान्ह भोजन को लेकर विवाद सामने आया है. मां शारदा तेजस्विनी महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष मुन्नी पटेल ने सरपंच हल्के भैया पटेल पर गंभीर आरोप लगाए हैं. समूह अध्यक्ष का आरोप है कि सरपंच द्वारा उनसे 10 हजार रुपये की मांग की जा रही थी और राशि नहीं देने पर समूह को निरस्त कराने तथा अधिकारियों से कार्रवाई कराने की धमकी दी गई.




मुन्नी पटेल के अनुसार, कथित राशि नहीं देने के बाद समूह के खिलाफ शिकायतें की गईं. उनका कहना है कि शिकायतों में लगाए गए आरोप निराधार हैं. उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों को नियमित रूप से मध्यान्ह भोजन दिया जा रहा है और भोजन की गुणवत्ता को लेकर पूर्व में मीडिया द्वारा भी स्कूल का निरीक्षण किया गयावहीं विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का कहना है कि वे भी मध्यान्ह भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता देखते हैं. शिक्षकों के अनुसार, भोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहती. उनका कहना है कि सरपंच और समूह संचालक के बीच आपसी विवाद के कारण बार-बार शिकायतें होने से विद्यालय की छवि प्रभावित हो रही है. अधिकारियों और मीडिया के लगातार स्कूल पहुंचने से शिक्षण कार्य भी प्रभावित होने की बात शिक्षकों ने कही.

### मारपीट करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर, 17 सितंबर.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पुराना पन्ना नाका, सटई रोड पर 10 सितंबर को सिम विक्रेता के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों पर सिम विक्रेता की आंखों में मिर्च स्प्रे डालकर मारपीट करने का आरोप है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मिर्च स्प्रे और करीब पांच लाख रुपये कीमत की कार भी जब्त की है. पुलिस के अनुसार, घटना के बाद फरियादी शिवम कुशवाहा की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में बलवा, मारपीट सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था. पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की .पुलिस ने राज राजा उर्फ इन्द्रजीत सिंह, निवासी छत्रसाल नगर, अखंड प्रताप सिंह, निवासी ग्राम रैवना हाल चौबे कॉलोनी, संतु कुशवाहा, निवासी ग्राम गठेवरा, दीपेन्द्र सिंह बुन्देला, निवासी ग्राम मामौन हाल बच्चा जेल के पास तथा एक विधि-विरुद्ध किशोर को अभिरक्षा में लिया है. सभी को न्यायालय में पेश किया गया .पुलिस के मुताबिक, आरोपी इन्द्रजीत सिंह उर्फ राज राजा के विरुद्ध अवैध हथियार, मारपीट और एससी/एसटी एक्ट सहित 12 अपराध तथा अखंड प्रताप सिंह के विरुद्ध मारपीट और एससी/एसटी एक्ट सहित चार अपराध पूर्व से दर्ज हैं. मामले में शामिल अन्य आरोपी की तलाश जारी है.



# युवा शिवसेना ने किया पालिका का घेराव

- नगर पालिका में भ्रष्टाचार का लगाया आरोप
- जांच नहीं हुई तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

नवभारत नयूज

**छतरपुर, 17 सितंबर. शहर में व्याप्त अव्यवस्थाओं, कथित भ्रष्टाचार और नगर पालिका की कार्यप्रणाली के विरोध में युवा शिवसेना ने नगर पालिका परिषद कार्यालय का घेराव किया.**

युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों शिवसैनिक स्थानीय मोटे के महावीर मंदिर में एकत्रित हुए. यहां से नारेबाजी करते हुए सभी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और



प्रदर्शन किया.

प्रदर्शन के दौरान शिवसैनिक नगर पालिका परिसर के अंदर तक पहुंचे और विभिन्न समस्याओं को लेकर जमकर नारेबाजी की. युवा शिवसेना जिलाध्यक्ष नीतेश तिवारी ने नगर पालिका के कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. उन्होंने मकान निर्माण स्वीकृति, बोर सफाई की रिपोर्ट, तालाबों की सफाई, सड़क एवं नाली निर्माण सहित विभिन्न कार्यों में अनियमितताओं के आरोप लगाए.

प्रदर्शन के बाद नगर पालिका अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में शहर के प्राचीन तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने, एक माह के भीतर उनकी सफाई एवं सौंदर्यीकरण कर पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की मांग की गई.

संगठन ने आरोप लगाया कि नगर में बनाई जा रही कई नालियां और सड़कें निर्माण के कुछ समय बाद ही खराब हो रही हैं. ऐसे कार्यों की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई. इसके अलावा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में समानता बरतने, गरीब ठेला एवं सब्जी विक्रेताओं को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने तथा कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई. शहर में खुले में संचालित मांस की दुकानों को निर्धारित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही.



# विश्वकर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**चंदला, 17 सितंबर. भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को चंदला नगर में विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा में समाज के लोगों सहित नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रही.**

शोभायात्रा का शुभारंभ कृषि मंडी से हुआ. इसके बाद शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया. इस दौरान डीजे और बैंड-बाजे की धुन पर श्रद्धालु उत्साह के साथ शामिल हुए.जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया. शोभायात्रा में भगवान विश्वकर्मा की सुसज्जित झांकी के साथ समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए. पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय माहौल नजर आया.युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने भी शोभायात्रा में सहभागिता की.

# न्याय पथ अभियान में इनामी वारंटी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 17 सितंबर. भगवां थाना पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत छह साल पुराने मारपीट के मामले में फरार चल रहे 4 हजार के इनामी वारंटी को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड, छतरपुर के समक्ष पेश किया.**

वर्ष 2020 में दर्ज मारपीट के इस प्रकरण में किशोर न्याय बोर्ड द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था और वारंटी लंबे समय से फरार चल रहा था. कार्रवाई एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगवां निरीक्षक श्रद्धा शुक्ला, प्रधान आरक्षक कल्याण सिंह, आरक्षक शीलेन्द्र सिंह, सत्येंद्र कुमार एवं पुलिस टीम द्वारा की गई.

## श्रवणबेलगोला जाएंगे 113 तीर्थयात्री

**छतरपुर, 17 सितंबर.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जिले के पात्र नागरिकों को श्रवणबेलगोला की तीर्थयात्रा का अवसर मिलेगा. छतरपुर जिले से 113 तीर्थयात्रियों एवं 2 अनुरक्षकों सहित यात्रा प्रस्तावित है. यह यात्रा 24 से 29 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी. यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र नागरिक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन 23 सितंबर 2026 तक हार्डकॉपी एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित स्थानीय निकाय अथवा संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं.




# सेवा संकल्प अभियान लगा में रक्तदान शिविर

- एनीमिया पीड़ित महिलाओं का कराया उपचार
- रक्तदाताओं का सम्मान कर प्रमाण पत्र दिए

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जिले में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया. इसके तहत जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, नि:शुल्क ओपीडी और एनीमिया पीड़ित महिलाओं के उपचार की पहल की गई.**

विधायक ललिता यादव और कलेक्टर मृणाल मीना ने अस्पताल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. रक्तदान शिविर में नागरिकों और रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद का संकल्प लिया. विधायक ललिता यादव और कलेक्टर मृणाल मीना ने रक्तदाताओं का प्रमाण-पत्र और फूलमाला से सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया.

विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है. कलेक्टर की पहल पर सीवियर एवं मॉडरेट एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराया गया. साथ ही एनीमिया में सुधार के लिए एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) इंजेक्शन भी दिया गया.

**नि:शुल्क रही ओपीडी-** अभियान के शुभारंभ दिवस पर जिला अस्पताल की ओपीडी नि:शुल्क रखी गई. मरीजों से केवल पंजीयन कराया गया और उपचार के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ. शरद चौरसिया सहित चिकित्सक, जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे.

# गणेश उत्सव में स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 17 सितंबर. गणेश उत्सव के अवसर पर शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद की आईईसी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 21 एवं 22 में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया.**

गणेश उत्सव के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित



स्थान पर ही डालने के लिए भी नागरिकों को प्रेरित किया गया.

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देश तथा स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के दौरान नागरिकों और दुकानदारों को कचरा पृथक्करण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई.

वार्ड क्रमांक 22 में पुराना पन्ना नाका, कश्यप ब्यूटी जॉन, मंडे मार्केट, सक्सेस कोचिंग क्लासेस एवं ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी के आसपास लोगों को चार-बिन कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई. वहीं वार्ड क्रमांक 21 में सटई रोड स्थित श्रद्धा ज्वेलर्स के सामने भी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं.

**मांग** परिवहन दर में वृद्धि और लंबित भुगतान किया जाए, युवा अन्नदूत योजना के हितग्राहियों ने सौंपा ज्ञापन

# डीजल के दाम बढ़ने से वाहन संचालन मुश्किल

नवभारत न्यूज

**छतरपुर, 17 सितंबर. मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न परिवहन का कार्य कर रहे जिले के हितग्राहियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर म.प्र. सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा.**

हितग्राहियों ने डीजल की बढ़ती कीमतों के अनुरूप परिवहन दर में वृद्धि, लंबित भुगतान का शीघ्र निराकरण और हम्माली दर बढ़ाने की मांग की है. हितग्राहियों ने बताया कि योजना के अंतर्गत वे



नियमित रूप से खाद्यान्न परिवहन का कार्य कर रहे हैं, लेकिन बढ़ती महंगाई और वाहन संचालन की लागत के चलते वर्तमान परिवहन दर पर काम करना मुश्किल हो रहा है. उनका कहना है कि अनुबंध की शर्तों में डीजल की कीमतों में वृद्धि होने पर परिवहन दर के पुनर्निर्धारण का प्रावधान है. ऐसे में वर्तमान डीजल दर के आधार पर परिवहन दर में संशोधन किया जाना चाहिए. ज्ञापन में हितग्राहियों ने बताया कि परिवहन देयकों का समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वाहन की बैंक किस्त, बीमा, डीजल और अन्य खर्चों का भुगतान करना मुश्किल हो रहा है. हितग्राहियों ने अप्रैल माह से लंबित भुगतान का जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की है.

### हम्माली दर 19 रुपये करने की मांग

हितग्राहियों ने हम्माली दर में भी वृद्धि की मांग रखी है. वर्तमान में 12.50 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित हम्माली दर को बढ़ाकर 19 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की गई है. उनका कहना है कि मजदूरी और अन्य खर्चों में बढ़ोतरी को देखते हुए हम्माली दर में संशोधन आवश्यक है .ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के पंजीकृत हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन से परिवहन दर में उचित वृद्धि करने, हम्माली दर संशोधित करने तथा अप्रैल माह से लंबित भुगतान का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है.

## वाहन चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर.** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व दर्ज हुई अर्टिगा वाहन चोरी की शिकायत का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चोरी गया वाहन बरामद कर लिया. पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.जानकारी के अनुसार, अर्टिगा वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कराई. टीम ने कार्रवाई करते हुए भूरे खान, पुष्पेंद्र जोशी और शमशेर को गिरफ्तार किया. पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी पुष्पेंद्र जोशी के कब्जे से एक अवैध कट्टा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं.